08 MAR 2022

पंजाब केसरी

सब इंस्पेक्टर प्रीति जिनके नाम से कांपते हैं गैंगस्टर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं और हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर प्रीति सांगवान के नाम से तो कुख्यात गैंगस्टर भी खौफ खाते हैं। प्रीति सांगवान की टीम ने ही कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी और इसकी महिला पार्टनर अनुराधा को बहादुरी का परिचय देते हुए देहरादून से गिरफ्तार किया था। एसआई प्रीति सांगवान का चेहरा एक कामयाब महिला के रूप में देखा जा सकता है। वह दूसरी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। दिल्ली पुलिस के



सब इंस्पेक्टर प्रीति सांगवान

पोडकास्टश में महिला दिवस के अवसर पर खास तौर से कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी उर्फ संदीप व उसकी महिला पार्टन को पकड़ने का किस्सा सुनाया गया।

ऑपरेशन डी-24... खुंखार गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी व इसकी महिला पार्टन अनुराधा को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 'ऑपरेशन डी-24' चलाया था। दिल्ली पुलिस में 20 टीमों का गठन किया। हर टीम में तीन लोग थे और वर्चस्व पुरुषों का था। मगर इसमें दो महिलाओं को खास तौर से शामिल किया गया। जिसमें एक थी प्रीति सांगवान। हर टीम को 40 किलोमीटर का दायरा सौंपा गया। प्रीति के जिम्मे आया देहरादून और हरिद्वार का इलाका। प्रीति टीम के साथ इस गैंस्टर को ढूंढते हुए हरिद्वार के एक अपार्टमेंट तक पहुंची। शक हुआ कि अनुराधा और काला इसी अपार्टमेंट में है। उन्होंने अपना भेष बदला और अपार्टमेंट के बाहर स्थानीय महिला की तरह रहकर निगरानी शुरू कर दी। उस कार को भी ढूंढ लिया, जिसमें यह दोनों सफर करते थे। अनुराधा फ्लैट और आसपास की हर गतिविधि पर बाज की तरह नजरें गड़े हुए थीं। घंटों इंतजार के बाद उन्होंने काला और अनुराधा को बाहर आते हुए देखा। प्रीति और उनकी टीम फुर्ती से आगे बढ़ी और काला व अनुराधा को वहीं मौके पर दबोच लिया। इस तरह एक कुख्यात गैंगस्टर को पकड़ने के लिए शुरू किया गया दिल्ली पुलिस की स्पेशल का ऑपरेशन डी 24 प्रीति की सूझबूझ और सतर्कता से सफल हुआ। आज काला और अनुराधा सलाखों के पीछे हैं। प्रीति 2018 में दिल्ली पुलिस का हिस्सा बनी थी। वह चरखी दादरी की रहने वाली है और बचपन से ही अपने मजबूत इरादों की पक्की रही है। गांव की लड़की का स्कूल जाकर पढ़ना भी आसान नहीं था। इस चुनौती का भी उन्होंने सामना किया। किसान की बेटी प्रीति ने ठाना कि उन्हें दिल्ली पुलिस का हिस्सा बनना है। जिसमें वह सफल भी रहीं। आज गैंगस्टर भी इनके नाम से कांपते हैं।